Basic Facilities in Sectors of HSVP

38 (Diary No.14/17/222) Smt. GEETA BHUKKAL MLA, (Jhajjar)

Will the Chief Minister be pleased to State:

a) whether it is fact that intkal /mutation of the land acquired for Sector-7,8,9,9 (a) and 10 has not registered by the HSVP in Jhajjar city so far; and

b) the time by which the basic facilities like proper roads, parks, cleanliness and Police post are likely to be provided by HSVP in the fully developed Sector-6, Sector-9 and other sectors of Jhajjar City, which are in very bad condition?

REPLY

Manohar Lal, Chief Minister Haryana

Madam,

a) The mutation of acquired land in respect of Sector-6, 6(Part) and 9 and part acquired land in respect of Sector-10 and 7, Jhajjar, measuring 962.36 acre, have been entered in the Jamabandi in favour of HSVP. The mutation of the remaining acquired land of Sector-10, 7, Jhajjar, measuring 299.25 acre, and mutation of the entire acquired land of Sector-8, 9A, Jhajjar, measuring 339.59 acre, are being got entered in the Jamabandi in favour of HSVP through revenue authorities.

b) There are only two Sectors of HSVP in Jhajjar-namely Sector-6 & 9. Basic facilities like Water Supply, Sewerage, Roads, Street lights etc. have already been provided in these Sectors. The tenders for work of special repair of roads in these Sectors are likely to be approved in December, 2023 and work is likely to be completed within 04 months from date of allotment. Further, 5 parks have already been developed by HSVP in Sector-6, Jhajjar while estimates for development of 04 parks in Sector-9, Jhajjar is under preparation. The development of these 4 parks is likely to be completed within 3 months from the date of allotment of work. There is no proposal to construct the Police Post in Sector-6 & 9, Jhajjar, as HSVP has already allotted the sites for the same to Police Department in year 2019.

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं

38 (डायरी संख्या 14/17/222) श्रीमती गीता भुक्कल विधायक, (झज्जर):

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर शहर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 7,8,9,9(ए) तथा 10 के लिए अधिग्रहित भूमि का इंतकाल/म्यूटेशन अभी तक पंजीकृत नहीं किया गया है; तथा

(ख) झज्जर शहर के पूर्ण रूप से विकसित सेक्टर-6, सेक्टर-9 तथा अन्य सेक्टरों, जो बहुत खराब स्थिति में है, उनमें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा उचित सड़कें, पार्कों, सफाई और पुलिस पोस्ट जैसी मूलभूत सुविधाएं कब तक उपलब्ध कराए जाने कि संभावना है?

<u>उत्तर</u>

मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा

श्रीमती जी,

(क) सैक्टर-6, 6 (भाग) और 9 में अधिग्रहित भूमि और सैक्टर-10 और 7, झज्जर में आंशिक रूप से अधिग्रहित भूमि, जिसका माप 962.36 एकड़ है, की जमाबंदी को ह.श.वि.प्रा. के पक्ष में दर्ज कर दिया गया है। सैक्टर-10, 7, झज्जर की शेष अधिग्रहित भूमि, जिसका माप 299.25 एकड़ है, और सैक्टर-8, 9ए, झज्जर की संपूर्ण अधिग्रहित भूमि, जिसका माप 339.59 एकड़ है, की जमाबंदी, राजस्व अधिकारियों के माध्यम से, ह.श.वि.प्रा. के पक्ष में दर्ज करवाई जा रही है।

(ख) झज्जर में ह.श.वि.प्रा. के केवल दो सैक्टर हैं, जिनके नाम सैक्टर-6 और 9 हैं। इन सैक्टरों में जल आपूर्ति, सीवरेज, सड़क, स्ट्रीट लाइट आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं पहले ही प्रदान की जा चुकी हैं। इन सैक्टरों में सड़कों की विशेष मरम्मत के काम की निविदाओं को दिसंबर, 2023 में मंजूरी मिलने की संभावना है और आबंटन की तारीख से 04 महीने के भीतर काम पूरा होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, सैक्टर-6, झज्जर में ह.श.वि.प्रा. द्वारा 05 पार्क पहले ही विकसित किए जा चुके हैं, जबकि सैक्टर-9, झज्जर में 04 पार्कों के विकास का अनुमान तैयार किया जा रहा है। इन 04 पार्कों का विकास कार्य आबंटन की तिथि से 03 महीने के भीतर पूरा कर लिए जाने की संभावना है। झज्जर के सैक्टर-6 और 9 में पुलिस पोस्ट बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि ह.श.वि.प्रा. ने वर्ष 2019 में पुलिस विभाग को इसके लिए भूमि आबंटित कर दी है।